जर्मनी में भी निवेशकों संग 10 हजार करोड़ के MoU

NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 22 से 26 फरवरी तक जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर है। टीम में साहिबाबाद विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी शामिल हैं। सुनील शर्मा के अनुसार जर्मनी में निवेशकों के साथ बैठकों के बाद यूपी में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। प्रस्तावित निवेश ड्रोन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ई-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग जैसे उच्च तकनीकी क्षेत्रों में आ सकता है।

जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर थे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, निवेशकों से की मीटिंग



केशव मौर्य

उन्होंने कहा कि इसका लाभ गाजियाबाद को भी मिल सकता है, क्योंकि जिला 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट' के तहत इंजीनियरिंग गुड्स में पहचान बना चुका है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने सिल्के सिक्टर (ZVEI-ग्लोबल अफेयर्स और इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स), मार्कस शाइबॉल सीईओ, ईए इलेक्ट्रो ऑटोमैटिक जीएमबीएच से निवेश पर चर्चा की, जहां उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, 25 करोड़ उपभोक्ताओं के बाजार, बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और पारदर्शी नीतियों को प्रमुख आकर्षण बताया गया।

फुजिकुरा के साथ स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च सहयोग पर सहमति बनी। टेलीफोनिका सहित अन्य कंपनियों से टेलिकॉम, रक्षा सहयोग और टेक्नॉलजी ट्रांसफर पर बातचीत हुई। ड्रोन व एयरोस्पेस कंपनियों को यूपी में निवेश का निमंत्रण दिया गया।